हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 25 फरवरी, 2022/6 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 23

सब्जी मण्डी निर्माण

***4592 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सब्जी मंडी का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया जाएगा; इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है तथा इस हेतु क्या औपचारिकताएं शेष रहती हैं; ब्यौरा दें?

जंगी-ठोपन प्रोजैक्ट

***4593 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जंगी-ठोपन प्रोजैक्ट का एम0ओ0यू0, एस0जे0वी0एन0 के साथ हुआ है; यदि हां, तो इसका कार्यान्वयन समझौता कब के लिए प्रस्तावित है; और

(ख) कुछ पंचायतों द्वारा इस प्रोजैक्ट के लिए विरोध को देखते हुए क्या सरकार इस प्रोजैक्ट का एम0ओ0यू0 रद्द करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

ड्रैगन फ्रूट

***4594 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता) :**
श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) ड्रैगन फ्रूट की खेती प्रदेश में कहां-कहां की जाती है; प्रदेश के कौन-कौन से जिलों में इस हेतु जलवायु अनुकूल है;

(ख) सरकार इस फल की खेती/बागवानी को बढ़ावा देने हेतु कोई योजना तैयार कर रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार इस पर समर्थन मूल्य देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

Vacancy Position

***4595 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that how many posts of all the categories are created, how many are lying vacant in Government Senior Secondary School Nadal, Chananu, Sanghni and Dand in Chamba District?

शिक्षा खण्ड

***4596 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निहरी में शिक्षा खण्ड खोलने का निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो इसे कब तक खोल दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

GSSS Kothi Deora

***4597 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Education Minister** be pleased to state is it a fact that there has been inordinate delay in completion of building of GSSS Kothi Deora; if yes, by when it will be completed?

करसोग सब्जी मंडी

***4598 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि करसोग सब्जी मण्डी की एफ0सी0ए0 की अनुमति प्राप्त हो गई है; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

शारीरिक शिक्षक

***4599 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने शारीरिक शिक्षकों के 2000 पदों की भर्ती करने का निर्णय लिया था; यदि हां, तो इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) यह भी सत्य है कि शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षकों के अतिरिक्त सभी वर्गों के शिक्षकों के पदों को भरा गया है; यदि हां,तो शारीरिक शिक्षकों की बैकलॉग भर्ती पर सरकार कब तक निर्णय लेने का विचार रखती है; पूर्ण ब्यौरा दें?

लारजी जल विद्युत परियोजना

***4600 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) लारजी जल विद्युत परियोजना में विद्युत उत्पादन कब आरम्भ हुआ व यह मण्डी जिला के किस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित है;

(ख) इस परियोजना हेतु कितनी-कितनी सरकारी व निजी भूमि किस-किस मुहाल में अधिगृहित की गई; ब्यौरा प्रभावित किसानों के नाम व पते सहित दें;

(ग) इस परियोजना के कार्यशील होने के उपरांत लाडा के अन्तर्गत कितनी धनराशि जमा की गई व यह धनराशि कहां-कहां व्यय की गई; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि का योजनावार व कार्यवार दें; और

(घ) इस परियोजना के निर्माण के कारण किन-किन पंचायतों के कौन-कौन से गांव व लोग प्रभावित व विस्थापित हुए; ब्यौरा प्रभावितों के नाम व पते सहित दें?

सेल्फ फाइनेंस

***4601 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों/सोसाइटी (एच0ई0आई0एस0) में कार्यरत कर्मचारियों (शिक्षक व गैर-शिक्षक) के नाम, पदनाम सहित ब्यौरा दें; वर्ष में इन्हें कितने माह का वेतन दिया जाता है तथा जनवरी, 2021 से जनवरी, 2022 तक प्रत्येक माह में इन्हें कितने दिनों का वेतन दिया गया व कितने दिनों के वेतन की कटौती की गई;

(ख) कॉलेज के प्रधानाचार्य, सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों के विभागाध्यक्ष व सोसाइटी के अन्य सदस्यों के नामवार व पदनामवार ब्यौरा दें; इन्हें सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों/सोसाइटी (एच0ई0आई0एस0) के फण्ड से वर्ष में कितने माह और कितना वेतन दिया जा रहा है; ब्यौरा दें; और

(ग) सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों/सोसाइटी (एच0ई0आई0एस0) से सम्बन्धित कितने मामले न्यायालयों में लम्बित हैं; ब्यौरा नाम सहित दें?

Apple and other Fruit Rootstock

***4602 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) which is the best root stock for Apple, Plum, Peach, Cherry, Almonds, Apricot, Pears, Litchi, Mangoes, Pomegranates, Orange, Lemon, Kinnow, Dragon fruit, Grapes and Kiwis for the ideal conditions of Himachal Pradesh; what cultivar gives best results on what rootstock from quality and quantity and viruses free and whether colonial or tissue culture plants are giving better results;

(b) has any research work been conducted; if yes, place report summary of it on the Table of the House; and

(c) does the Government propose to carry out R&D on this vital issue of quality and productivity or leave everything to chance or hit and trial by the farmers and how does the Government propose to rejuvenate old orchards by new technologies and latest practices?

पदपूर्ति

***4603 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बागवानी विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) इस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने मामले अनुदान हेतु लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा दें?

कार्यरत संस्थान

***4604 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पशु पालन विभाग के कितने संस्थान कार्यरत हैं; ब्यौरा संस्थानवार, स्वीकृत व रिक्त पदों तथा अवधि सहित दें; और

(ख) यह सत्य है कि पशु चिकित्सालय टिक्कर में कार्यरत चिकित्सक शिमला में प्रतिनियुक्ति पर अपनी सेवाएं दे रहा है; यदि हां, तो कब से?

धनराशि का प्रावधान

***4605 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन-किन स्कूलों को धनराशि उपलब्ध करवाई गई है; और

(ख) यह सत्य है कि जो धनराशि इन स्कूलों के प्रति कार्य करवाने के लिए जारी की गई,

वह पर्याप्त नहीं है जिससे अगली प्रक्रिया भी पूर्ण नहीं की जा रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

***4606 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व मुख्य मंत्री गृहिणी सुविधा योजना के अन्तर्गत कितने लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया है; लाभार्थियों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***4607 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बरी हाई स्कूल व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निगुलसरी के भवनों का कार्य किस वर्ष आरम्भ किया गया था; कितना निर्माण कार्य किया गया है व कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(ख) इन पाठशालाओं का निर्माण कार्य कब से किन कारणों से बन्द पड़ा है; ब्यौरा दें?

अटल आदर्श योजना

***4608 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अटल आदर्श शिक्षा केन्द्र योजना कब आरम्भ हुई; सबसे पहला अटल आदर्श विद्यालय कहां पर खोला गया तथा इस हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा योजना की अद्यतन स्थिति सहित दें?

मुख्य मंत्री शगुन योजना

***4609 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) मुख्य मंत्री शगुन योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कितने बी0पी0एल0 परिवारों की बेटियों को अनुदान प्रदान किया गया; और

(ख) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी बेटियों को इस योजना के अन्तर्गत अनुदान प्रदान किया गया; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

आरक्षण

***4610 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि 20 अगस्त, 2020 को सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी की जिसके अन्तर्गत ओ0बी0सी0 और ई0डब्ल्यू0एस0 सहित सभी को आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था परंतु दिनांक 21 अगस्त, 2021 को निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा ओ0बी0सी0 का आरक्षण रद्द कर दिया गया; यदि हां, तो कारण?

Consumption of Domestic Electricity

***4611 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) what is the average consumption of domestic electricity per month in the State; measurement to be provided in units during the last year from 01-01-2021 to 31-12-2021 in District Shimla or what ever billing period falls within this period are recorded consumers in Residential Houses where the consumption comes to 60 or less than 60 units of electricity; provide a list of such consumers;

(b) what will be the consumption of units of electricity per month, if daily electricity is used for an average of three hours with a use of three bulbs of 60 watts; and

(c) what is the billing period of Theog and Kumarsain Division of HPSEBL in the year, 2021; how many employees are outsourced for this work; details be given?

ट्रांसफार्मर

***4612 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रोहड़ू वृत्त व मण्डल में दिनांक 31.01.2022 तक विभाग के स्टॉक में कितनी-कितनी वॉट के कितने ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं व कितने ट्रांसफार्मर लगवाने हेतु लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा दें?

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

***4613 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कितने कार्य प्रगति पर हैं; कार्यों के नाम, स्वीकृति का वर्ष, कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित मण्डलवार ब्यौरा दें?

विधवा पेंशन

***4614 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार प्रदेश में गरीब परिवारों में कम उम्र की विधवा महिलाओं की मासिक पेंशन को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

यशपाल शर्मा,
सचिव।